हर खबर पर हमारी नज़र 24
TODAY INDIA NEWS
WWW.TODAYINDIANEWS24.COM



बढ़ती मांग को देखते हुए सात भाषाओं में प्रकाशित हुई पुस्तक " योग दर्शन"

Posted on August 31, 2021August 31, 2021 Author Ashutosh Tiwari Comment(0)
Spread the love

टुडे इंडिया न्यूज 24.com दुनियां जहाँ एक ओर आधुनिकता की ओर आकर्षित हो रही है। वहीं योग अध्यात्म के गूढ रहस्यों को समझने की भी जिज्ञासा बढ़ती देखी जा रही है। इस लिए योग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। बता दें कि वैदिक विज्ञान केंद्र, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के माध्यम से छपी पुस्तक "योग दर्शन" के लेखक प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), श्री सतीश कुमार सिंह व श्री मुकेश कुमार सिंह द्वारा लिखी गई है। जो अंग्रेजी में योग फिलोसोफी (Yoga Philosophy), के नाम से लैप लम्बेर्ट पब्लिशिंग, लन्दन में 12 जनवरी 2021 को छपी थी, जो कि विश्व में एक लोकप्रिय पुस्तक के रूप में स्वीकार की जा रही है। पुस्तक के प्रकाशन पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी लेखक समूह को बधाई दी थीं। साथ ही स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंस .की इस उपलब्धि पर सचिव व मुख्यकार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने भी प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए बधाई दी है वहीं मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के महानिदेशक (तकनीकी) भरतराज सिंह ने बताया कि इस पुस्तक की बढ़ती मांग को देखते हुए इसे हिंदी, इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, इटेलियन, पोर्तोगिज व रसियन में अनुवादित कर प्रकाशित किया गया है।और यह समाज में अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचा रही है

आशुतोष तिवारी

---

http://todayindianews24.com/6281/